संपादकीय

भारत-चीन रिश्तों में सुधार के संकेत

आजकल कूटनीतिक जगत में भारत-चीन संबंधों में सुधार को लेकर काफी चर्चा है। 2020 में लद्दाख की गलवान घाटी में हुए घटनाक्रम के बाद पिछले वर्ष अक्टूबर में रूस में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच मुलाकात हुई थी।

इस बैठक में दोनों शीर्ष नेताओं ने सीमा पर तनाव कम करने और द्विपक्षीय संबंधों को पटरी पर लाने का प्रयास किया था। विवाद के कुछ क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी जरूर हुई लेकिन अन्य मामलों में प्रगति नहीं हुई। इधर, अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद दुनिया में बहुत तेजी से बदलाव हो रहे हैं। ट्रंप प्रशासन के फैसलों से अमेरिका की घरेलू राजनीति और अंतरराष्ट्रीय राजनीति का नक्शा बदल रहा है।

अमेरिका और यूरोपीय देशों के बीच तनातनी बढ़ रही है तो दूसरी ओर राष्ट्रपति ट्रंप और राष्ट्रपति पुतिन के बीच जुगलबंदी आकार ले रही है। इस बदलते अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में भारत और चीन ने कुछ लचीला रुख अपनाया है जिससे आशा बंधती है कि द्विपक्षीय संबंध पटरी पर आ सकते हैं। एक अप्रैल, 1950 को दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संबंध हुआ था।

नई दिल्ली और बीजिंग के कूटनीतिक रिश्तों के 75 वर्ष पूरे होने पर दोनों देशों के राष्ट्रपतियों के बीच शुभकामनाओं और पारस्परिक रिश्तों को और बेहतर बनाने के संदेशों का आदान-प्रदान हुआ।

राष्ट्रपति जिनपिंग ने भारतीय राष्ट्रपति द्रोपदी मुमरु को प्रेषित अपने संदेश में दोनों देशों के रिश्तों के द्योतक ड्रैगन और हाथी के बीच बेहतर तालमेल बनाने की बात की जबकि राष्ट्रपति मुमरु ने कहा कि भारत और चीन के बीच स्थाई, स्थिर और सौहार्दपूर्ण संबंध का फायदा नई दिल्ली और बीजिंग के अलावा पूरी दुनिया को मिलेगा। वैश्विक मामलों के जानकार किशोर मेहबुबानी का विश्वास है कि अतीत की तरह दोनों देशों के सामने फिर से दुनिया का सिरमौर बनने का अवसर है। लेकिन दोनों ने आपसी संघर्ष का रास्ता अख्तियार किया तो वे यह अवसर गंवा सकते हैं। वास्तव में यह दावा तो कोई नहीं कर सकता कि हाल-फिलहाल भारत और चीन की समस्याओं का स्थायी समाधान हो जाएगा लेकिन दोनों देश जिस रास्ते पर चल रहे हैं, उससे यह आशा जरूर बंधती है कि भविष्य में सैन्य संघर्ष की स्थिति नहीं बनेगी।

अदाणी समूह के विझिनजाम पोर्ट ने भारतीय जलक्षेत्र में अब तक के सबसे बड़े कंटेनर जहाज का किया स्वागत

तिरुवनंतपुरम

अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड लिमिटेड द्वारा विकसित और संचालित विझिनजाम इंटरनेशनल सीपोर्ट ने बुधवार को दुनिया के सबसे बड़े और सस्टेनेबल कंटेनर जहाजों में से एक एमएससी तुर्किये का स्वागत किया। यह भारत के समुद्री उद्योग के लिए एक ऐतिहासिक घटना रही।

यह किसी भी भारतीय बंदरगाह पर इस जहाज का पहला आगमन है। 399.9 मीटर लंबाई, 61.3 मीटर चौड़ाई और 33.5 मीटर गहराई में फैले एमएससी तुर्किये में 24,346 ट्वेंटी-फुट इक्विवेलेंट यूनिट (टीईयू) की विशाल क्षमता है, जो इसे भारतीय बंदरगाह पर बर्थ करने वाला सबसे बड़ा कंटेनर जहाज बनाता है।

मेडिटेरेनियन शिपिंग कंपनी (एमएससी) द्वारा संचालित और लाइबेरियाई फ्लैग के तहत पंजीकृत, यह जहाज ईंधन-कुशल, पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार और समुद्री इंजीनियरिंग में बेहतरीन इनोवेशन का प्रतिनिधित्व करता है।

यह मील का पत्थर विझिनजाम की एक प्रमुख वैश्विक ट्रांसशिपमेंट हब के रूप में बढ़ती स्थिति को पुष्ट करता है, जो रणनीतिक रूप से प्रमुख पूर्व-पश्चिम अंतरराष्ट्रीय शिपिंग मार्ग से केवल 10 समुद्री मील (19 किमी) की दूरी पर स्थित है।

बंदरगाह का 20 मीटर का प्राकृतिक ड्राफ्ट इसे व्यापक ड्रेजिंग के बिना अल्ट्रा-लार्ज कंटेनर वेसल (यूएलसीवी) को अकोमोडेट करने की अनुमति देता है।

यह ऐतिहासिक डॉकिंग सितंबर 2024 में एमएससी क्लाउड गिरार्डेट द्वारा रिकॉर्ड-सेटिंग कॉल के बाद हुई है, जिसने अपनी 24,116 टीईयू क्षमता के साथ पिछले बेंचमार्क को बनाए रखा था। एमएससी तुर्किये ने अब उस रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया है।

विझिनजाम भारत का पहला मेगा ट्रांसशिपमेंट कंटेनर टर्मिनल है, जो एडवांस ऑटोमेशन, स्टेट ऑफ द आर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर और रैपिड वेसल टर्नअराउंड क्षमताओं से लैस है।

चरण 1 वर्तमान में 1 मिलियन टीईयू का समर्थन करता है, जिसमें 2028 तक 5.5 मिलियन टीईयू का लक्ष्य रखने वाली विस्तार योजनाएं हैं।

एपीएसईजेड के पास बंदरगाह को विकसित करने और संचालित करने के लिए केरल सरकार के साथ 40 साल की रियायत है। पूरी तरह चालू होने के बाद, विझिनजाम से भारत की कंटेनर ट्रांसशिपमेंट की लगभग आधी जरूरतों को पूरा करने की उम्मीद है, जिससे कोलंबो, सिंगापुर और दुबई जैसे अंतरराष्ट्रीय बंदरगाहों पर निर्भरता कम हो जाएगी।

एमएससी तुर्किये के आने से एपीएसईजेड की विझिनजाम को वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी समुद्री केंद्र में बदलने, भारत की लॉजिस्टिक्स क्षमताओं और विश्व मंच पर व्यापार प्रभाव को बढ़ाने की प्रतिबद्धता की पुष्टि होती है।

इससे पहले फरवरी में अदाणी समूह ने अगले पांच वर्षों में केरल में 30,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की घोषणा की, जिसमें विझिनजाम बंदरगाह, तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे की क्षमता बढ़ाने और दूसरी परियोजनाओं के अलावा एक लॉजिस्टिक्स हब स्थापित करना शामिल है।

अब टेलीकॉम कंपनियों की वेबसाइट पर नेटवर्क कवरेज मैप देख सकेंगे मोबाइल यूजर्स, ट्राई ने जारी किए निर्देश

नई दिल्ली

टेलीकॉम सेक्टर में पारदर्शिता बढ़ाने और यूजर्स को सशक्त बनाने के लिए ट्राई की ओर से दिए गए आदेश के बाद, टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स (टीएसपी) ने अपनी वेबसाइट पर टेलीकॉम कवरेज मैप पब्लिश कर दिए हैं। कवरेज मैप स्टैंडर्ड कलर स्कीम के साथ आसान पहुंच और नेविगेशन के लिए विभिन्न यूजर्स फ्रेंडली सुविधाएं प्रदान करते हैं।

यह संबंधित टेलीकॉम कंपनी द्वारा उनके क्षेत्र में प्रदान की जाने वाली 2जी, 3जी, 4जी या 5जी के कवरेज को देखने का विकल्प भी प्रदान करता है। संचार मंत्रालय के अनुसार, यूजर्स अपनी मौजूदा लोकेशन को नेविगेट करने के लिए अपने डिवाइस पर सर्च विकल्प या लोकेशन इनेबल कर सकते हैं। टॉगल स्विच या टेक्नोलॉजी सिलेक्शन बटन का उपयोग अपनी रुचि की टेक्नोलॉजी (3जी, 4जी या 5जी) के कवरेज मैप को देखा जा सकता है।

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने सभी टेलीकॉम कंपनियों (वायरलेस) के लिए नेटवर्क कवरेज मैप को अपनी वेबसाइट के माध्यम से उपलब्ध कराना अनिवार्य कर दिया है, जिससे यूजर्स को नेटवर्क कवरेज के बारे में अधिक जानकारी मिलेगी। ट्राई के मुताबिक, सभी टेलीकॉम कंपनियों को एक अप्रैल, 2025 तक नेटवर्क कवरेज मैप पब्लिश करने का कार्य पूरा करना था। ट्राई की ओर से कहा गया कि मोबाइल यूजर्स कवरेज मैप पर उपलब्ध यूजर्स फीडबैक फीचर के माध्यम से अपने सर्विस प्रोवाइडर्स के साथ अपना फीडबैक साझा कर सकते हैं या कवरेज में किसी भी बड़ी विसंगति की रिपोर्ट कर सकते हैं। हालांकि, यूजर्स को यह ध्यान रखना आवश्यक है कि वास्तविक मोबाइल कवरेज अनुभव कभी-कभी मानचित्र में दिखाए गए कवरेज से भिन्न हो सकता है। मोबाइल नेटवर्क कवरेज मैप न केवल उपभोक्ताओं के लिए उपयोगी हैं, बल्कि यह देश भर में दूरसंचार कवरेज की स्थिति भी बताते हैं, जिसका उपयोग विभिन्न पक्षकारों द्वारा योजना बनाने और उन्हें लागू करने के लिए किया जा सकता है।

ओलंपिक खेलों में होगी क्रिकेट की वापसी, पुरुष और महिला दोनों इवेंट में भाग लेंगी 6-6 टीमें

नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के लाखों-करोड़ों प्रशंसक 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. क्योंकि, अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने पुष्टि की है कि क्रिकेट 128 वर्षों में पहली बार ओलंपिक खेलों में वापसी करेगा. आगामी ओलंपिक में क्रिकेट की पुरुष और महिला स्पर्धा को लेकर अब एक बड़ा अपडेट सामने आया है. खेलों के महाकुंभ ओलंपिक में क्रिकेट का खेल टी20 फॉर्मेट में खेला जाएगा, जो 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाला है. जब क्रिकेट 128 साल बाद 2028 में ओलंपिक खेलों में वापस आएगा, तो केवल 6 टीमें ही प्रतिष्ठित गोल्ड मेडल के लिए दावेदार होंगी. पिछली बार 1900 में पेरिस में एक मैच के रूप में ओलंपिक में खेला गया क्रिकेट, एलए 2028 खेलों से वापसी करेगा और चार साल बाद 2032 में ब्रिस्बेन में भी खेला जाएगा. आयोजकों ने बुधवार को पुष्टि की कि एलए टूर्नामेंट टी20 फॉर्मेट में खेला जाएगा जिसमें पुरुष और महिला दोनों इवेंट में 6-6 टीमें भाग लेंगी.

वैश्विक चुनौतियों के बावजूद वित्त वर्ष 2025 में भारत का निर्यात रिकॉर्ड 820 बिलियन डॉलर पार

नई दिल्ली

वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, वैश्विक बाजारों में आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद, भारत का माल और सेवा निर्यात वित्त वर्ष 2025 में रिकॉर्ड 820 बिलियन डॉलर को पार कर गया है, जो पिछले वित्त वर्ष के 778 बिलियन डॉलर के इसी आंकड़े से करीब 6 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। उभरते व्यापार परिदृश्य पर चर्चा करने के लिए वाणिज्य और उद्योग मंत्री (सीआईएम) पीयूष गोयल द्वारा निर्यात संवर्धन परिषदों और उद्योग निकायों के साथ आयोजित बैठक में ये आंकड़े सामने आए।

केंद्रीय मंत्री ने लाल सागर संकट, खाड़ी क्षेत्र में इजरायल-हमास संघर्ष, रूस-यूक्रेन संघर्ष के लगातार बने रहने और कुछ विकसित अर्थव्यवस्थाओं में धीमी वृद्धि सहित कई प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद निर्यात में सर्वकालिक उच्च उपलब्धि के लिए निर्यातकों की सराहना की। केंद्रीय मंत्री ने निर्यातकों की उनके प्रयासों की सराहना की।

बैठक के दौरान, सीआईएम गोयल ने निर्यातकों को पारस्परिक रूप से लाभकारी बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के लिए अमेरिका के साथ चल रही चर्चाओं के बारे में भी जानकारी दी। वार्ता की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की, जो फरवरी 2025 में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ अपनी बैठक में बीटीए पर सहमत होने वाले पहले वैश्विक नेताओं में से एक थे।

केंद्रीय मंत्री ने निर्यातकों को आश्वासन दिया कि सरकार वैश्विक व्यापार वातावरण में हाल के बदलावों को सफलतापूर्वक नेविगेट करने में सक्षम बनाने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए काम करेगी। उन्होंने कहा कि देश सक्रिय तरीके से काम कर रहा है और ऐसे समाधान तलाश रहा है जो राष्ट्र के सर्वोत्तम हित में हों।

उन्होंने निर्यातकों से कहा कि वे घबराएं नहीं और वर्तमान परिदृश्य में सकारात्मक पहलुओं पर ध्यान दें। उन्होंने आश्वासन दिया कि टीम देश के लिए सही परिणाम सुनिश्चित करने के लिए तेजी से काम कर रही है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि विभिन्न देश टैरिफ लगाने के मामले में अलग-अलग तरीके अपना रहे हैं।

एलए 2028 ओलंपिक में कंपाउंड तीरंदाजी का होगा डेब्यू, भारत की मेडल जीतने की बढ़ीं उम्मीदें

नई दिल्ली

कंपाउंड तीरंदाजी आगामी 2028 लॉस एंजिल्स खेलों में ओलंपिक में पदार्पण करने के लिए पूरी तरह तैयार है, एक ऐसा खेल जिसमें भारत पदक जीतने की अपनी संभावनाओं को तलाशेगा.

भारत ने तीरंदाजी में कभी ओलंपिक पदक नहीं जीता है - एक ऐसा खेल जिसमें उसके कंपाउंड तीरंदाजों ने हाल के वर्षों में अपने रिकर्व साथियों को लगातार पछाड़ दिया है. ओलंपिक खेलों में अब मौजूदा 5 रिकर्व स्पर्धाओं: मेंस सिगल्स, विमेंस सिंगल्स, पुरुष टीम, महिला टीम और मिक्सड टीम के अलावा एक कंपाउंड मिक्सड टीम पदक स्पर्धा भी होगी.

भारत के सबसे सफल कंपाउंड तीरंदाज अभिषेक वर्मा ने विश्व कप स्टेज 1 में टीम कांस्य जीतने के बाद फ्लोरिडा से कहा, हम इस दिन का लंबे समय से इंतजार कर रहे थे. यह निश्चित रूप से हमारी ओलंपिक पदक की उम्मीदों को बहुत बढ़ावा देगा.

वर्मा, जो इस खेल के एक अनुभवी खिलाड़ी हैं और 16 साल पहले विश्व कप में डेब्यू करने के बाद से भारतीय ध्वज को ऊंचा उठा रहे हैं ने कहा, उम्मीद है कि भारत के लिए तीरंदाजी का पहला ओलंपिक पदक कंपाउंड सेक्शन से आएगा. वर्मा ने विश्व कप में मिश्रित टीम स्पर्धा में अकेले 2 स्वर्ण, 2 रजत और 6 कांस्य पदक जीते हैं - वही फॉर्मेट जो अब लॉस एंजिल्स खेलों में शामिल होगा.

वर्मा, जो विश्व तीरंदाजी एथलीट समिति के सदस्य भी हैं ने कहा, यह निराशाजनक था जब कंपाउंड तीरंदाजी ओलंपिक में शामिल होने की अपनी पिछली बोलियों में चूक गई, लेकिन हमने कभी उम्मीद नहीं खोई. उन्हें यह भी उम्मीद है कि 2032 ओलंपिक तक कंपाउंड तीरंदाजी में तीनों स्पर्धाएं शामिल होंगी - व्यक्तिगत, टीम और मिश्रित.

वर्मा ने इस बात पर जोर दिया कि सामूहिक सफलता पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए. उन्होंने कहा, हम भारत के ओलंपिक मिशन को बढ़ावा देने के लिए अपने रिकर्व तीरंदाजों के साथ मिलकर काम करेंगे. आखिरकार, हम एक ही सपने वाली एक टीम हैं.

बेंगलुरु और दिल्ली आज आमने-सामने, पिच रिपोर्ट के साथ जानें दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11

बेंगलुरु

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 24वें मैच में आज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली कैपिटल्स की टीमें एक दूसरे से भिड़ेंगी. दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला शाम 7:30 बजे से एम चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरु में खेला जाएगा. दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल 2025 में अब तक एकमात्र अजेय टीम हैं, जिसने अपने तीनों मुकाबलों में जीत दर्ज की है. वहीं, आरसीबी ने भी शानदार प्रदर्शन किया है 4 में से 3 मैच जीते हैं. प्वाइंट्स टेबल की बात करें तो इसमें दिल्ली और आरसीबी की टीमें क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर काबिज हैं.

रजत पाटीदार की अगुवाई वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम आज अपने दूसरे होम गेम में दिल्ली कैपिटल्स का सामना करेगी. आरसीबी ने अभी तक इस सीजन में शानदार खेल दिखाया है. 18वें सीजन में आरसीबी ने कोलकाता नाइट राइडर्स, चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस जैसी मजबूत टीमों को मात दी थी. हालांकि, चिन्नास्वामी स्टेडियम में अपने पहले होम गेम में उसे गुजरात टाइटन्स से हार का सामना करना पड़ा था. आज आरसीबी की नजरें दिल्ली के विजयरथ को रोककर अपने हाई हार्ड फैंस के सामने धमाकेदार जीत दर्ज करने पर होगी.

वहीं, दिल्ली कैपिटल्स इस सीजन में एक नए अवतार में नजर आ रही है. अक्षर पटेल की कमान वाली इस टीम ने अब तक धमाकेदार खेल दिखाया है. गेंदबाजी यूनिट हो या बल्लेबाजी दोनों ने इस बार ठान लिया है कि खिताब जीतना है. लखनऊ सुपर जायंट्स, सनराइजर्स हैदराबाद और चेन्नई सुपर किंग्स जैसी टीमों को हराकर दिल्ली की टीम अभी तक टूर्नामेंट में अजेय है. आज आरसीबी के खिलाफ मैच में भी सितारों से सजी दिल्ली की टीम अपनी लय को बरकरार रखकर अपने विजय अभियान को जारी रखना चाहेगी. आरसीबी और दिल्ली के बीच आज एक रोमांचक मुकाबला होने की उम्मीद है.

आज का राशिफल

मेष: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप एक से अधिक स्रोतों से आय प्राप्त करेंगे। शासन व प्रशासन के कार्यों में सावधानी बरतें। आज निवेश संबंधी योजनाओं को गति मिलेगी।

वृष: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। दिनचर्या में सुबह की सैर को शामिल करेंगे, जिससे आप अपने आप को काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। मित्र या रिश्तेदार आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है आप उसे निराश नहीं करेंगे।

मिथुन: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपकी योजनाओं को गति मिलेगी। आज आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी। आज आपको बड़ों का साथ व सहयोग भरपूर मात्रा में मिलेगा।

कर्क: आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नयी योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी।

सिंह: आज का दिन आपके लिए आनंदायक रहने वाला है। आपको अपनी वाणी की मधुरता को बनाए रखना है। मित्र आपसे मिलने आयेंगे, जिनसे मिलकर अपकी यादें ताजा होंगी।

कन्या: आज आपका दिन आपके लिए खुशियां लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है।

तुला: आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है, इस पर आपको नजर बनाए रखने की जरूरत है, नहीं तो आने वाले समय में आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है।

वृश्चिक: आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोक-झोक होगी, इससे रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी। आप अपने मित्रों के साथ किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

धनु: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज किसी कानूनी मामले में जल्दबाजी न दिखाएं। आज अपने काम को समय रहते पूरा कर लेंगे। किसी नए काम की शुरुआत करना चाह रहे हैं तो दिन शुभ है।

मकर: आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। स्वास्थ्य के लिहाज से दिन अच्छा रहेगा। आज आपके बढ़ते खर्चे आपको थोड़ी उलझन में डाल सकते है। आज किसी संपत्ति का सौदा जल्दबाजी में न करें।

कुंभ: आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज परिवार के साथ घर पर मूवी देखने की प्लानिंग करेंगे। सेहत के लिहाज से आप खुद को तंदुरुस्त महसूस करेंगे। मार्केटिंग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा।

मीन: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। नौकरी में तरक्की मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आज कुछ बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है। संतान के साथ आज किसी धार्मिक स्थल पर घूमने जायेंगे। इस राशि की जो महिलाएं बिजनेस कर रही हैं।

रजनीकांत की पैन-इंडिया एक्शन फिल्म कुली की रिलीज डेट तय, निर्माताओं ने पोस्टर जारी कर शेयर की जानकारी

रजीकांत इन दिनों अपनी आगामी फिल्म कुली को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। रजनीकांत के फैंस को उनकी फिल्म कुली की रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। आज निर्देशक लोकेश कनगराज ने सोशल मीडिया पर फिल्म कुली की रिलीज की आधिकारिक घोषणा कर फैंस को खुश कर दिया है।

फिल्म कुली का निर्देशन लोकेश कनगराज ने किया है। लोकेश कनगराज ने अपने इंस्टाग्राम पर रजनीकांत का ब्लैक एंड व्हाइट पोस्टर में एक पोस्टर शेयर किया है, जिसमें रजनीकांत सीटी बजाते दिख रहे हैं। और साथ ही कैप्शन में लिखा, देवा आ रहा है, कुली 14 अगस्त से दुनिया भर में।

एक्शन ड्रामा फिल्म कुली के निर्माताओं ने रिलीज की तारीख बताकर फैंस को खुश कर दिया है। यह फिल्म लोकेश कनगराज के निर्देशन में बनी है। कुली 14 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सन पिक्चर्स ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर भी इसकी रिलीज की जानकारी दी है। एक्स पर लिखा, देवा आ रहा है। कुली 14 अगस्त से दुनिया भर में रिलीज होगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म में आमिर खान, नागार्जुन, उपेंद्र, श्रुति हासन, सौबिन शाहिर, सत्यराज, रेबा मोनिका जॉन जैसे बड़े सितारे नजर आएंगे।

22 साल बाद अभिनय की दुनिया में लौट रहीं राखी गुलजार, बंगाली फिल्म अमर बॉस में आएंगी नजर

दिग्गज अभिनेत्री राखी गुलजार इन दिनों खूब चर्चा में हैं और हों भी क्यों ना, वह लगभग 22 साल बाद अभिनय की दुनिया में जो लौट रही हैं।

वह जल्द ही बंगाली फिल्म अमर बॉस में नजर आएंगी। फिल्म का टीजर रिलीज हो चुका है, जिसे प्रशंसक खूब पसंद कर रहे हैं। हमेशा की तरह राखी की अदाकारी की लोग जमकर तारीफ कर रहे हैं।

नंदिता रॉय और शिबोप्रसाद मुखर्जी ने इस फिल्म के निर्देशन की कमान संभाली है।

अमर बॉस को 9 मई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। राखी इस फिल्म में शिबोप्रसाद मुखर्जी, श्राबंती चटर्जी, सौरसेनी मैत्र, गौरव चटर्जी और शाबित्री चटर्जी जैसे अन्य कलाकार के साथ नजर आएंगी।

गर्मियों के दौरान पपीता खरीदते समय इन 5 बातों का रखें ध्यान

गर्मियों के दौरान पपीते का सेवन करना फायदेमंद होता है क्योंकि यह एक समर सुपरफूड है। इसमें विटामिन-ए, विटामिन-सी, पोटेशियम, फोलेट, मैग्नीशियम, फाइबर और एंटी-ऑक्सीडेंट्स जैसे कई जरूरी तत्व होते हैं। ये तत्व शरीर को हाइड्रेट रखने और पाचन को सही रखने में मदद करते हैं। इसके लिए सही पपीता चुनना जरूरी है ताकि आप इसके फायदों का पूरा लाभ उठा सकें। आइए पपीता खरीदने के सही तरीके जानते हैं।

पपीते की त्वचा पर दें ध्यान- पपीते की त्वचा पर ध्यान देना जरूरी है क्योंकि इससे आपको पपीते के स्वाद का अंदाजा हो सकता है। अगर पपीते की त्वचा पर हरे रंग की छाया होती है तो समझ जाइए कि यह कच्चा है और इसे खाने से मीठा नहीं लगेगा। दूसरी ओर अगर पपीते की त्वचा पर पीले रंग की छाया होती है तो इसका मतलब है कि यह पक गया है और यह खाने में मीठा और नरम होगा।

आकार पर न दें ध्यान- अगर आप आकार के आधार पर पपीते को चुनते हैं तो यह सही नहीं है। दरअसल, कई लोग बड़े आकार के पपीते को चुनते हैं क्योंकि उनका मानना है कि ऐसे पपीते में अधिक मात्रा में पोषक तत्व होते हैं, जबकि ऐसा कुछ नहीं है। आकार से ज्यादा पपीते की गुणवत्ता मायने रखती है। ऐसे में बेहतर होगा कि आप आकार की बजाय पपीते की गुणवत्ता पर ध्यान दें और उसे ही खरीदें।

सुगंध का करें पता- पपीते की सुगंध से भी इसकी पक्की जानकारी मिल सकती है। अगर पपीते से मीठी और सुगंधित सुगंध आ रही है तो समझ जाइए कि यह पका हुआ है और इसे खरीद लेना चाहिए। दूसरी ओर अगर पपीते से कोई सुगंध नहीं आ रही है तो इसका मतलब है कि यह कच्चा है और इसे खरीदने से बचना चाहिए। ऐ से पके पपीते खाने में मीठा और नरम होता है, जबकि कच्चे पपीते का स्वाद खट्टा होता है।

दाग-धब्बों पर दें ध्यान- पपीते पर दाग-धब्बे होने से भी इसके स्वाद पर असर पड़ सकता है। अगर पपीते पर हल्के दाग-धब्बे हैं तो उसे खाया जा सकता है, लेकिन अगर दाग-धब्बे गहरे और काले रंग के हैं तो ऐसे पपीते को खरीदने से बचना चाहिए क्योंकि इसका स्वाद कड़वा हो सकता है। इसलिए जब भी आप बाजार से पपीता खरीदने जाएं तो इस बात का खास ख्याल रखें।

शब्द सामर्थ्य- 14

बाएं से दाएं

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

ऊपर से नीचे

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 013 का हल

दि	क्क	त		आ	सा	न		आ
ल		मी		खि		सी	ख	ना
	म	ज	बू	र		ह		जा
स	र्द			का		त	रा	ना
र				र	वि		ह	
प	ह	ना	ना		ना	रा	ज	
ट			क	शि	श		नी	ला
	र			का		रा		य
खा	ति	र	दा	री		त	क्ष	क

सू-दोकू- 14

	6	3		8		1		4
8			3		4		7	
	4			5		8		
3		8			1		4	
	1			4		9		7
		4			2		1	
1				3		4		8
	8		2		9		3	
		9		1		2		5

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.013 का हल

6	7	9	2	4	5	3	1	8
2	1	8	3	7	6	9	5	4
7	6	4	5	2	8	1	3	9
3	8	1	6	9	7	2	4	5
9	2	5	4	1	3	8	6	7
8	3	7	9	6	4	5	2	1
5	4	2	8	3	1	7	9	6
1	9	6	7	5	2	4	8	3
4	5	3	1	8	9	6	7	2